# मास्टर ऑफ़ कॉमर्स (इन बिज़नेस पॉलिसी एंड कॉर्पोरेट गवर्नेंस) [M.COM (BP & CG)]

## सत्रीय कार्य
## 2025–2026

**सहयोगी कार्यक्रम**
**(आई. सी. एस. आई)**
**(ICSI)**

**एम. सी.ओ-01 (MCO-01), एम. सी. ओ-03 (MCO-03), आई. बी. ओ-01 (IBO-01), आई. बी. ओ-06 (IBO-06), एम. सी. ओ-05 (MCO-05)**

जुलाई 2025 तथा जनवरी 2026 प्रवेश सत्र के लिए


इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – **1100 68**

# सत्रीय कार्य – 2025–2026

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इन सत्रीय कार्यों को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2025 और जनवरी 2026)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2025** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2026** तक है।

2. जो **जनवरी 2026** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसंबर 2026** है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इन्हें **15 अक्टूबर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

**अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **एम. सी. ओ. -05** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **प्रबंधकीय निर्णयों के लिए लेखांकन** |
| **स्त्रीय कार्य का कोड** | **:** | **एम. सी. ओ. -05/टी. एम. ए./ 2025-2026** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक :100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1.** क) आधारभूत लेखांकन संकल्पनाओं एवं मुख्य लेखांकन मान्यताओं का वर्णन कीजिए। **(10+10)**

ख) वित्तीय विवरणों से क्या तात्पर्य है? ये निर्णयन के लिए कहां तक उपयोगी होते हैं।

**2.** **निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए** : **(4x5)**

(क) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लागत

(ख) स्थायी और लोचदार बजटिंग

(ग) अनुमानित लागत और मानक लागत

(घ) विभेदक और सीमांत लागत

**3.** क) कोष प्रवाह विवरण खातों की ऊपरी दिखावट से भी प्रभावित है और इसलिए यह परिवर्तन के वास्तविक दृश्य को प्रस्तुत करने में असफल है। उदाहरणार्थ, कुछ दिखावटी विक्रय को खाते में लिखकर परिचालन से प्राप्त कोष को बढ़ाया जा सकता है।' क्या आप इस अलोचना से सहमत हैं? अपने विचार लिखिए। **(10+10)**

ख) बजटिंग से आप क्या समझते हैं ? विभिन्न प्रकार के उन बजटों का उल्लेख कीजिए जो एक बड़ी औद्योगिक संस्था सामान्यतया तैयार करती है।

**4.** 31 मार्च 2004 तक वी.एन. लिमिटेड का परीक्षण शेष निम्नलिखित है। समायोजनों को ध्यान में रखते हुए ट्रेडिंग और लाभ-हानि खाता और बैलेंस शीट तैयार करें। **(20)**

| मद का नाम | डेबिट (रु.) | क्रेडिट (रु.) |
|---|---|---|
| प्रारंभिक भंडार | 3,00,000 | |
| क्रय / विक्रय | 9,80,000 | 13,60,000 |
| बिल प्राप्ति / बिल देय | 20,000 | 28,000 |
| पेटेंट एवं ट्रेड मार्क | 19,200 | |
| सामान्य भंडार | | 62,000 |
| बैंक में नकद | 1,84,800 | |
| संयंत्र एवं मशीनरी | 1,16,000 | |
| देनदार एवं लेनदार | 1,10,000 | 70,000 |
| अंश पूंजी | | 4,00,000 |
| 2001–2002 का भुगतान किया गया लाभांश | 36,000 | |
| लाभ हानि खाता (1.4.2002) | | 94,200 |
| विविध खर्च | 28,200 | |

| | | |
|---|---|---|
| किराया | 16,000 | |
| वेतन | 30,000 | |
| कम्प्यूटर | 68,000 | |
| भाड़ा – आवक | 38,000 | |
| प्राप्त छूट | | 12,000 |
| मजदूरी | 1,20,000 | |
| वापसी बाहरी | | 40,000 |
| **कुल** | **20,66,200** | **20,66,200** |

क) 31 मार्च 2004 को अंतिम भंडार (Closing Stock) का मूल्यांकन ₹3,42,000 किया गया है।

ख) निम्नलिखित संपत्तियों पर मूल्यह्रास (Depreciation) लगाया जाना है:

संयंत्र एवं मशीनरी (Plant and Machinery) पर 15% की दर से

कम्प्यूटर (Computers) पर 10% की दर से

पेटेंट एवं ट्रेडमार्क (Patents & Trade Marks) पर 5% की दर से

ग) संदिग्ध एवं दुर्बल ऋणों (Bad & Doubtful Debts) के लिए ₹2,040 की प्रावधान (Provision) आवश्यक है।

घ) निम्नलिखित देय व्यय (Outstanding Expenses) का प्रावधान किया जाए:

किराया बकाया (Rent Outstanding): ₹3,200

वेतन बकाया (Salaries Outstanding): ₹3,600

ड.)प्रस्तावित लाभांश (Proposed Dividend) 15% की दर से प्रदान किया जाए।

च) आय कर (Income Tax) के लिए 50% की दर से प्रावधान किया जाए।

छ) कॉरपोरेट लाभांश कर (Corporate Dividend Tax) के लिए 12.5% की दर से प्रावधान किया जाए।

**5.** क) वर्ष 2009 के दौरान, सत्यम कंपनी की कुल बिक्री ₹4,00,000 थी। इसका सकल लाभ अनुपात (Gross Profit Ratio) 25% तथा शुद्ध लाभ अनुपात (Net Profit Ratio) 10% था। कंपनी का भंडार परिप्रत्यय अनुपात (Stock Turnover Ratio) 10 गुना था। **(10+10)**

आपको निम्नलिखित की गणना करनी है:

(i) सकल लाभ (Gross Profit)

(ii) शुद्ध लाभ (Net Profit)

(iii) विक्रय लागत (Cost of Goods Sold)

(iv) संचालन व्यय (Operating Expenses)

ख) रोकड़ प्रवाह विवरण से क्या तात्पर्य है ? रोकड़ प्रवाह विवरण बनाने की विधियों का वर्णन कीजिये।